भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2940

20 दिसंबर, 2023 के लिए प्रश्न

बीपीएल कार्डों का जारी होना

2940. श्री रामशिरोमणि वर्मा:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश में विशेषकर श्रावस्ती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सभी पात्र लाभार्थियों को गरीबी रेखा से नीचे के कार्ड उपलब्ध नहीं कराए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश विशेषकर श्रावस्ती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा विगत दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में कितने नए बीपीएल कार्ड जारी किए गए हैं; और

(घ) चालू वर्ष और आगामी वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में कितने नए बीपीएल कार्ड जारी किए जाने की संभावना है?

उत्तर

ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) से (घ): लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) के माध्यम से अत्यधिक सब्सिडी-प्राप्त खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों के कवरेज को पूर्ववर्ती गरीबी अनुमानों (गरीबी रेखा से ऊपर/गरीबी रेखा से नीचे) से अलग कर दिया गया है और इसे केवल अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) और प्राथमिकता वाले परिवार (पीएचएच) नामक दो श्रेणियों के तहत जनसंख्या अनुमानों से जोड़ दिया गया है।

*****